दिशा-निर्देश

# क्रिसमस अवधि के लिए दिशा-निर्देश

क्रिसमस अवधि के लिए दिशा-निर्देश।

29 नवंबर 2020 पर प्रकाशित

पिछली बार 19 दिसंबर 2020 को अपडेट किया गया - सभी अपडेट देखें

इनके द्वारा:

**कैबिनेट ऑफिस**

जिस पर लागु होता है:

**इंग्लैंड**

विषय वस्तु

- दोस्तों और परिवार से मिलना
- बार, पब और रेस्तरां जाना
- चर्च और अन्य उपासना के स्थानों में जाना
- दुकानों और क्रिसमस मार्केट जाना
- परफॉर्मेंस और क्रिसमस लाइटिंग के उत्सव सहित, ईवेंट्स में उपस्थित रहना
- न्यू इयर्स ईव

कैरल सिंगिंग
काम पर जाना
चाइल्डकेयर
केयर होम में रहने वाले रिश्तेदारों से मिलने जाना
यूके में यात्रा करना
वालंटियरिंग
शादियाँ, सिविल पार्टनरशिप और अंत्येष्टि क्रियाएं

इस पृष्ठ को मुद्रित करें
2 दिसंबर से, आपको अवश्य ही आपके क्षेत्र के टियर के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। पता लगाएं कि आपके क्षेत्र पर कौनसे प्रतिबंध लागू होंगे। टियर 4 में आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते हैं उसे कानून बनाया जाएगा। लागू होने पर, आपको अवश्य ही उनका पालन करना होगा।

# दोस्तों और परिवार से मिलना

### 25 दिसंबर पर

इस क्रिसमस पर केवल अपने परिवार या सपोर्ट बबल के साथ समय बिताना सबसे सुरक्षित होगा। 25 दिसंबर पर आप एक क्रिसमस बबल बनाने का विकल्प चुन सकते हैं अगर आपको सचमुच यह आवश्यक लगे। यह केवल उन्हीं लोगों पर लागू होता है जो किसी टियर 4 क्षेत्र में नहीं रहते हैं।

किसी टियर 4 क्षेत्र में, आपको अवश्य ही क्रिसमस की अवधि के दौरान आपके टियर के नियमों का पालन करना होगा। इसका यह मतलब है कि क्रिसमस की अवधि के दौरान आप घर के भीतर दूसरे लोगों से नहीं मिल सकते हैं, यदि न आप आम तौर पर उनके साथ रहते हैं, या वे आपके मौजूदा सपोर्ट बबल का हिस्सा हैं। बाहर, आप किसी दूसरे परिवार से केवल एक व्यक्ति से मिल सकते हैं।

एक क्रिसमस बबल किसी निजी घर, उपासना के स्थान या बाहरी सार्वजनिक स्थान में मिल सकता है। सभी अन्य परिवेशों में, अगर आप क्रिसमस बबल बनाते हैं तो आपको अब भी अवश्य ही उस टियर पर लागू होने वाले दिशा-निर्देशों का पालन करना जारी रखना चाहिए जिसमें आप मिल रहे हैं ।

**क्रिसमस के बाद**

26 दिसंबर से, आपको अवश्य ही कम से कम आपके क्षेत्र के टियर के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। क्रिसमस बबल और लागू नहीं होंगे। यूके के अधिकांश जगहों में इसका यह मतलब है कि आप घर के भीतर अन्य परिवारों के साथ मिल-जुल नहीं सकते हैं, और इसमें न्यू इयर्स ईव शामिल है।

क्रिसमस बबल बनाने का विकल्प चुनने वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए और अपने क्रिसमस बबल से मिलने के बाद उन्हें सभी अनावश्यक सामाजिक मेल-जोल को कम करना होगा ताकि वायरस के फैलने के जोखिम को कम किया जा सके।

## बार, पब और रेस्तरां जाना

2 दिसंबर से, आप बार, पब और रेस्तरां में किससे मिल सकते हैं उसके नियम आपके टियर पर निर्भर करते हैं। इनडोर और आउटडोर हॉस्पिटैलिटी परिवेश के लिए शायद नियम अलग हों। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें

25 दिसंबर पर, आप बार, पब और रेस्तरां में किससे मिल सकते हैं उसके नियम नहीं बदलेंगे।

हालांकि काम संबंधी उद्देश्यों के लिए छूट दी गई है फिर भी काम पर आपको क्रिसमस लंच या पार्टी का आयोजन नहीं करना चाहिए, जहाँ वह मुख्य तौर पर एक सामाजिक मिलने-जुलने की गतिविधि है और अन्यथा आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों के अंतर्गत उनका आयोजन करना निषिद्ध है।

# चर्च और अन्य उपासना के स्थानों में जाना

2 दिसंबर से, सभी टियरों में आप उपासना के स्थानों में जा सकते हैं। उपासना के स्थान में रहने के दौरान आप किससे मिल सकते हैं उसके नियम आपके टियर पर निर्भर करते हैं। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें

25 दिसंबर पर आप अगर आपने क्रिसमस बबल बनाने के विकल्प को चुना है तो आप अपने बबल के सदस्यों के साथ किसी उपासना के स्थान में जा सकते हैं। आपको सुरक्षित व्यवहारों का पालन करना जारी रखना होगा जिसमें जहाँ संभव हो अलग-अलग परिवारों के सदस्यों के बीच जगह बनाना शामिल है।

महामारी के दौरान उपासना के स्थानों के सुरक्षित उपयोग के लिए दिशा-निर्देशों में अधिक जानकारी प्रदान की गई है।

# दुकानों और क्रिसमस मार्केट जाना

2 दिसंबर से, आप दुकानों में किससे मिल सकते हैं उसके नियम आपके टियर पर निर्भर करते हैं। इनडोर दुकानें और क्रिसमस मार्केट या क्रिसमस ट्री के मार्केट जैसी ओपन एयर दुकानों के लिए नियम शायद भिन्न हो सकते हैं। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें ।

सभी टियरों में और अन्यथा खुले रहने की अनुमति दी गई वेन्यू के भीतर अवस्थित सभी सैनटा'स ग्रॉटों खुले रह सकते हैं। वेन्यू को उचित कोविड-सुरक्षा की पद्धतियाँ कार्यांवित करनी चाहिए जिसमें सामाजिक दूरी बरकरार रखना शामिल है।

25 दिसंबर पर, आप दुकानों में किससे मिल सकते हैं उसके नियम नहीं बदलेंगे। आपको सुरक्षित व्यवहारों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जिसमें जहाँ संभव हो ऑनलाइन खरीदारी करना, भीड़-भाड़ से दूर रहना और भीड़भाड़ वाली जगहों में रहने

के दौरान फेस मास्क पहनना शामिल है। आपको अपने क्रिसमस बबल के साथ खरीदारी नहीं करनी चाहिए।

दुकानों, ब्रांच, स्टोर या इस प्रकार के परिवेशों में काम करने वाले या इन्हें चलाने वाले लोगों के लिए दिशा-निर्देशों में अधिक जानकारी प्रदान की गई है।

## परफॉर्मेंस और क्रिसमस लाइटिंग के उत्सव सहित, ईवेंट्स में उपस्थित रहना

2 दिसंबर से, परफॉर्मेंस और क्रिसमस या अन्य त्यौहार के लाइटिंग उत्सवों में उपस्थित रहने के नियम आपके टियर पर निर्भर करते हैं। इनडोर और आउटडोर ईवेंट्स के लिए शायद नियम अलग हों। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें ।

25 दिसंबर पर, इनडोर ईवेंट्स पर लागू होने वाले नियम नहीं बदलेंगे।

कला संगठन, वेन्यू ऑपरेटर और सहभागी सहित परफॉर्मिंग आर्ट्स में काम करने वाले या इन्हें चलाने वाले लोगों के लिए दिशा-निर्देशों में अधिक जानकारी प्रदान की गई है।

## न्यू इयर्स ईव

आपके टियर के अनुसार न्यू इयर्स ईव पर आप कहाँ जा सकते हैं और आप किससे मिल सकते है उनके नियमों का पालन करना आपके लिए आवश्यक है। आपका क्रिसमस बबल और लागू नहीं होगा। यूके के अधिकांश जगहों में इसका यह मतलब है कि आप घर के भीतर अन्य परिवारों के साथ मिल-जुल नहीं सकते हैं। कोरोनावायरस से संक्रमित तीन लोगों में से एक में इसके कोई लक्षण नहीं होंगे और वे अनजाने में इसे फैलाएंगे। यह बहुत जरूरी है कि सभी इन नियमों का पालन करें।

अगर अपने क्रिसमस बबल बनाया है तो अपने क्रिसमस बबल से मिलने के बाद आपको उन सभी लोगों के साथ अनावश्यक संपर्क को यथासंभव कम करना चाहिए जो आपके साथ नहीं रहते हैं। इसमें न्यू इयर्स ईव को शामिल करते हुए आपको अपने दोस्तों या अपने परिवार के बाहर परिवार के अन्य सदस्यों से मिलना-जुलना नहीं चाहिए, भले ही आप स्वस्थ अनुभव कर रहे हों।

रात के 11 बजे तक सभी हॉस्पिटैलिटी वेन्यू का बंद होना आवश्यक है। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें ।

## कैरल सिंगिंग

छोटे ड्रॉपलेट, एयरोसोल और प्रत्यक्ष संपर्क के ज़रिए कोरोनावायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। गाना गाना, चिल्लाना और शारीरिक गतिविधियाँ छोटे ड्रॉपलेट और एयरोसोल के ज़रिए संक्रमण के फैलने के जोखिम को बढ़ाते हैं। अगर गाना गाना शामिल हो, तो संक्रमण के फैलने के जोखिम को कम करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए जिसमें जिस हद तक संभव हो हिस्सा लेने वाले लोगों की संख्या को सीमित करना शामिल है। एयरोसोल ट्रांसमिशन के कुल प्रभाव का मतलब है कि जितने अधिक लोग शामिल होंगे, उतना ही संक्रमण के फैलने का जोखिम उच्च होगा।

टियर 4 में इनडोर या आउटडोर कैरल सिंगिंग या कैरल सेवाएं केवल उपासना के एक अंश के तौर पर कार्यांवित किए जा सकते हैं और यह उस टियर में लोगों के एक जगह एकत्रित होने की सीमाओं के अधीन रहेगा।

टियर 4 क्षेत्र से बाहर, लोगों के एक जगह एकत्रित होने की सीमाओं के अनुरूप कैरल सिंगिंग या कैरल सर्विसिज का आयोजन किया जा सकता है और अगर सभी उपस्थित व्यक्ति सुरक्षित रूप से गाना गाने के सुझाए गए सिद्धांत और परफॉर्मिंग आर्ट्स के दिशा-निर्देशों का पालन करें जिन्हें पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड द्वारा संगठित एक विशेषज्ञ समूह द्वारा

विकसित किया गया है। यह पेशेवर और शौकिया गायक-मंडलियों दोनों पर लागू होता है।

निम्नलिखित प्रदर्शन या रिहर्सल करने वाले:

- पेशेवर क्षमता में; या
- 18 साल की उम्र से छोटे लोगों के लिए पर्यवेक्षित गतिविधि के एक हिस्से के तौर पर

इनकी संख्या सीमित नहीं है और इन्हें एकत्रित सभा की सीमाओं का पालन नहीं करना होगा लेकिन इन्हें फिर भी परफॉर्मिंग आर्ट्स के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

वयस्क परफॉर्मेंस और रिहर्सल के लिए, आपको ध्यान से सोचना होगा कि आप इनके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं (या नहीं), और आपको अपने क्षेत्र में व्यापक स्वास्थ्य की अवस्था पर ध्यान देना होगा, ख़ास तौर पर अगर दुर्बल लोग शामिल हों।

अगर आप आगे बढ़ते हैं, तो आपको परफॉर्मिंग आर्ट्स के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए और आप स्थानीय सभा की सीमाओं के अधीन होंगे। इसका यह मतलब है कि अगर एकाधिक छः का समूह (टियर 1 में) या परिवार (टियर 2, 3 या 4 में) इनडोर परफॉर्म या रिहर्स कर रहा है तो उन्हें अवश्य ही आपस में बात-चीत, 'मिलना-जुलना' या अन्यथा सामाजिक तौर पर एक साथ समय नहीं बिताना चाहिए। आपको हर समय समूहों या परिवारों के बीच सामाजिक दूरी बरकरार रखनी चाहिए और इसमें बिल्डिंग के भीतर आना या वहाँ से जाना या किन्हीं भी ब्रेक के समय शामिल हैं। गतिविधि के दौरान निदेशन चल सकता है, यानी कि कंडक्टर और समूह के बीच, लेकिन कोई भी और शारीरिक एवं सामाजिक मेल-जोल निषिद्ध है।

## इनडोर परफॉर्मेंस

पेशेवर और शौकिया गायक-मंडलियाँ किसी भी ऐसे इनडोर वेन्यू में परफॉर्म कर सकती हैं जिन्हें प्रत्येक टियर पर लागू होने वाले प्रतिबंधों के अनुसार खुले रहने की अनुमति दी गई है और उन्हें उक्त उल्लिखित नियमों का पालन करना चाहिए।

इनडोर परफॉर्मेंस के लिए प्रदान की गई सार्वजनिक स्वास्थ्य की सलाह के आधार पर, दर्शकों या समूह को किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा नहीं लेना चाहिए जिसके कारण एयरोसोल पैदा हो सकते हैं जिसमें गाना गाना, चिल्लाना और चांटिंग जैसी क्रियाएं शामिल हैं। अधिकतम उपस्थित लोगों की संख्या को निर्धारित करते समय गौर करना होगा कि वह जगह कितनी बड़ी है और साथ ही यह भी याद रखना होगा कि हर समय 2 मीटर की सामाजिक दूरी बरकरार रखना जरूरी है। यह साधारणतः परफॉर्मिंग आर्ट्स के लिए प्रदान की गई सलाह के अनुरूप है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सामाजिक दूरी बरकरार रखते हुए सहभागी किस प्रकार से साइट पर आ और जा सकते हैं।

सुरक्षित रूप से यात्रा करने की सलाह के अनुसार उपस्थित लोगों को घटना में पैदल चल कर आना चाहिए या साइकिल से आना चाहिए और उन्हें सार्वजनिक परिवहन या अपने परिवार से बाहर किसी और के साथ गाड़ी साझा न करने की कोशिश करनी चाहिए।

## आउटडोर परफॉर्मेंस

पेशेवर और शौकिया गायक-मंडलियाँ किसी भी ऐसे आउटडोर वेन्यू में परफॉर्म कर सकती हैं जिन्हें प्रत्येक टियर पर लागू होने वाले प्रतिबंधों के अनुसार खुले रहने की अनुमति दी गई है और उन्हें उक्त उल्लिखित नियमों का पालन करना चाहिए।

जहाँ किसी परफॉर्मेंस का आयोजन आउटडोर किया जाए, वहाँ दर्शक या उपस्थित समूह शायद गाना गाने में शामिल हो सकते हैं और उन्हें परफॉर्मिंग आर्ट्स के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। इसका यह मतलब है कि दर्शक या उपस्थित समूह के सदस्यों को 2 मीटर की सामाजिक दूरी बना कर रखने के निर्देश का पालन करना चाहिए और उस ईवेंट की आयोजकों को निश्चित करना होगा कि इस दूरी को बरकरार रखा जा रहा है।

जहाँ संभव हो वहाँ उपस्थित लोगों को बैठे रहना चाहिए। अधिकतम उपस्थित लोगों की संख्या को निर्धारित करते समय गौर करना होगा कि वह आउटडोर जगह कितनी बड़ी है और साथ ही यह भी याद रखना होगा कि हर समय 2 मीटर की सामाजिक दूरी बरकरार रखना जरूरी है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सामाजिक दूरी बरकरार रखते हुए सहभागी किस प्रकार से साइट पर आ और जा सकते हैं।

टियर 1 से 3 में सर्वाधिक छः सहभागियों के समूह(हों) में डोर-टु-डोर कैरल सिंगिंग हो सकता है। अगर कुलमिलाकर छः से अधिक लोग हों तो प्रत्येक 'समूह' को एक दूसरे से बात-चीत, 'मिलना-जुलना' या अन्यथा सामाजिक तौर पर मेल-जोल करना नहीं चाहिए। टियर 4 में गायक केवल सर्वाधिक दो सहभागियों के समूह(हों) में हो सकते हैं यदि न वे एक ही परिवार या सपोर्ट बबल का हिस्सा हैं। सहभागियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह का पालन करना चाहिए, इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि आपको किसी भी ऐसे व्यक्ति से कम से कम 2 मीटर की दूरी बना कर रखनी होगी जिसके साथ आप नहीं रहते हैं और किन्हीं भी निवास स्थानों के   शर्तों र् का पालन करना होगा।

सुरक्षित रूप से यात्रा करने की सलाह के अनुसार उपस्थित लोगों को घटना में पैदल चल कर आना चाहिए या साइकिल से आना चाहिए और उन्हें सार्वजनिक परिवहन या अपने परिवार से बाहर किसी और के साथ गाड़ी साझा न करने की कोशिश करनी चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए कृपया परफॉर्मिंग आर्ट्स दिशा-निर्देश और महामारी के दौरान उपासना के स्थानों का सुरक्षित रूप से उपयोग करने के दिशा-निर्देश देखें।

## काम पर जाना

अगर इस अवधि के दौरान आप काम कर रहे हैं तो आपको जहाँ आपके लिए संभव हो वहाँ घर से काम करना जारी रखना चाहिए।

## चाइल्डकेयर

क्रिसमस की अवधि के दौरान, स्थानीय प्रतिबंध और छूट कार्यांवित रहेंगे। अतः, रजिस्टर्ड चाइल्डकेयर, बच्चों के लिए अन्य पर्यवेक्षित गतिविधियाँ, और चाइल्डकेयर बबल अनुमत हैं। अगर आपका चाइल्डकेयर बबल आपके क्रिसमस बबल का हिस्सा है तो उनकी गिनती एक अलग परिवार के तौर पर होगी इसलिए 25 दिसंबर को आप एक और परिवार के साथ जुड़ सकते हैं।

## केयर होम में रहने वाले रिश्तेदारों से मिलने जाना

सभी टियरों में आप केयर होम में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मिलने जा सकते हैं, सिवाय जहाँ किसी केयर होम में प्रकोप हो। केयर होम को प्रदान किए गए रैपिड (लैटरल फ्लो) टेस्ट का उपयोग करके, क्रिसमस तक निवासी हर सप्ताह सर्वाधिक दो विजिटरों से भीतर मिल सकते हैं। अगर किसी विजिटर का परीक्षण नेगेटिव हो, उसने उचित पीपीई पहना हुआ हो, और अन्य संक्रमण नियंत्रण पद्धतियों का पालन कर रहा हो, तो उनके प्रियजनों के बीच शायद सीमित शारीरिक संपर्क हो सकता है, जैसे कि व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना और हाथ पकड़ना और गले मिलना।

पीपीई पहन कर और सामाजिक दूरी बरकरार रखते हुए, बाहर या किसी भी अन्य कोविड-सुरक्षित विजिटिंग क्षेत्र में मुलाकातों का आयोजन किया जा सकता है।

कोविड-19 के दौरान केयर होम विजिट करने के बारे में दिशा-निर्देश ऐक्सेस करें

## यूके में यात्रा करना

2 दिसंबर से, कहीं रात भर रुकने के सहित आपके टियर से बाहर यात्रा करने से संबंधित सलाह आपके टियर पर निर्भर करेगी। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें ।

अगर आपको 25 दिसंबर पर एक क्रिसमस बबल का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई है, तो आपको यात्रा करके उनसे मिलने से जुड़े सभी जोखिमों के बारे में ध्यानपूर्वक सोच

विचार करना चाहिए। अगर आप उच्च प्रसार वाले किसी क्षेत्र में रहते हैं, उदाहरण के तौर पर, इंग्लैंड में टियर 3 तो जहाँ संभव हो आपको निम्न प्रसार वाले क्षेत्रों में यात्रा करने से बचना चाहिए। अगर आपको यात्रा करने की जरूरत हो तो पहले से बुक करें ताकि आप और दूसरे सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें और अपने जाने और लौटने की यात्राओं की योजना ध्यानपूर्वक बनाएं। अपने गंतव्य पर पहुँचने के बाद, आपको उस टियर के नियमों का पालन करना चाहिए, स्थानीय क्षेत्र में रहना चाहिए और पहुँचने के बाद उस क्षेत्र में अनावश्यक यात्रा करने से बचना चाहिए।

अगर आप स्कॉटलैंड, वेल्स या नॉर्दर्न आयरलैंड यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको यात्रा करने से पहले स्कॉटलैंड, वेल्स या नॉर्दर्न आयरलैंड के दिशा-निर्देश देखने चाहिए।

सिवाय असाधारण परिस्थितियों के (उदाहरण के तौर पर, अगर यात्रा में कोई अनपेक्षित बाधा पैदा हो, या अगर आपके क्रिसमस बबल के किसी सदस्य्स में कोरोनावायरस के लक्षण दिखाई दें और आपको सेल्फ-आइसोलेट करने की आवश्यकता हो) 25 दिसंबर से पहले या उसके बाद आप अपने क्रिसमस बबल में शामिल अन्य परिवारों के साथ नहीं मिल सकते हैं (यदि न आपके टियर के नियमों द्वारा अन्यथा यह अनुमत हो)। इसमें ऐसा कोई भी व्यक्ति शामिल है जो नॉर्दर्न आयरलैंड जा रहा है या वहाँ जा रहा है।

यातायात के रास्ते शायद सामान्य से अधिक व्यस्त हों। आपको निम्नलिखित करना चाहिए:

- पहले से योजना बनाएं, चलने से पहले पता कर लें के रिस्ते में कोई विघ्न तो नहीं हैं, और सर्वाधिक व्यस्त मार्गों, और साथ ही व्यस्त समय के दौरान यात्रा न करें
- अपनी यात्रा के दौरान अनावश्यक वजह से न रुकें
- उन लोगों के साथ गाड़ी साझा न करने की कोशिश करें जो आपके परिवार या क्रिसमस बबल का हिस्सा नहीं हैं।

- जहाँ संभव हो वहाँ, यात्रा करने के दौरान अन्य लोगों से अपनी दूरी बना कर रखें
- नियमित रूप से अपने हाथ धोएं या सैनिटाइज करें
- इंग्लैंड में सार्वजनिक परिवहन में मास्क पहनें, जब तक कि आपको इससे छूट न दी गई हो

अगर जरूरी हो तो आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार आप क्रिसमस की अवधि के दौरान इंग्लैंड में किसी होटल, होस्टल या बी एंड बी में रह सकते हैं। इसमें 24 और 26 दिसंबर के बीच टियर 3 वाले क्षेत्र शामिल हैं, बशर्ते आप अपने आप रह रहे हों या अपने परिवार या सपोर्ट बबल के सदस्यों के साथ रह रहे हों। आपको किसी भी टियर में अपने क्रिसमस बबल की तरह किसी होटल, होस्टल या बीएंडबी में एकत्र नहीं हो सकते हैं यदि न आपके क्रिसमस बबल का कोई सदस्य स्थायी तौर पर वहाँ रहता है।

अगर आवश्यक हो तो आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ या अपने क्रिसमस बबल के साथ किसी व्यक्तिगत तौर पर भाड़े पर लिए गए आवास, जैसे कि अल्प कालिक हॉलिडे लेट्स में रह सकते हैं।

अगर आपको अपने क्रिसमस बबल के साथ यात्रा करने की जरूरत हो, तो आप चाहे जहाँ भी हों आपको सुरक्षित रूप से यात्रा करने के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

## विदेश यात्रा करना

2 दिसंबर से आप विदेश यात्रा कर सकते हैं, जिसमें अपने दोस्तों और परिवार से मिलने के लिए यात्रा करना शामिल है हालांकि यह आपके गंतव्य स्थान पर लागू होने वाले किन्हीं भी प्रतिबंधों के अधीन होगा। टियर 3 में रहने वाले लोगों को काम, शिक्षा या देखभाल संबंधी दायित्वों के सिवाय अपने टियर से बाहर नहीं जाना चाहिए। यात्रा करने से पहले आपको प्रासंगिक यात्रा संबंधी सलाह देखनी चाहिए।

विदेश से यूके आने वाली यात्रा यात्रा कॉरिडोर पद्धति द्वारा शासित रहेगी। लोगों को 10 दिनों के लिए सेल्फ-आइसोलेट करना होगा अगर वे किसी गैर-यात्रा कॉरिडोर वाले देश या क्षेत्र से आ रहे हैं या उन्होंने वहाँ से होते हुए यात्रा की है। 15 दिसंबर 2020 से, सरकार की यात्रा कॉरिडोर सूची में शामिल नहीं हैं ऐसे किन्हीं भी देशों से इंग्लैंड में आने वाले यात्रियों के पास 5 दिनों के सेल्फ-आइसोलेशन के बाद एक टेस्ट लेने का विकल्प होगा, और इस टेस्ट का नेगेटिव परिणाम आने से उन्हें और आइसोलेट करने की जरूरत नहीं होगी।

अपने 10 दिन या नेगेटिव टेस्ट परिणाम के साथ 5 दिनों की सेल्फ-आइसोलेशन अवधि को पूरा न करने तक आप एक क्रिसमस बबल का हिस्सा नहीं बन सकेंगे। अगर आप में कोरोनावायरस के लक्षण है या अगर आप सेल्फ-आइसोलेट कर रहे हैं तो आपको क्रिसमस बबल नहीं बनाना चाहिए।

25 दिसंबर पर, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के नियम परिवर्तित नहीं होंगे।

## वालंटियर करना

क्रिसमस अवधि के दौरान लोगों को समर्थित करने में वालंटियरों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है और आप सभी टियरों में इस भूमिका का पालन करना जारी रख सकते हैं।

जहाँ संभव हो, आपको घर से वालंटियर करना चाहिए। अगर आप ऐसा न कर सकें, तो आप अपने घर के बाहर वालंटियर कर सकते हैं। आपको सुरक्षापूर्वन मदद कैसे करें संबंधी सलाह का पालन भी करना चाहिए। अगर आप वालंटियर कर रहे हैं तो आपको अवश्य ही सामाजिक दूरी बरकरार रखने के दिशा-निर्देशों का अवश्य ही पालन करना चाहिए। कोरोनावायरस से संक्रमित तीन लोगों में से एक में इसके कोई लक्षण नहीं होंगे और वे अनजाने में इसे फैलाएंगे। अगर आप इस सलाह का पालन नहीं करते हैं, तो आप खुद को संक्रमण के जोखिम में डाल सकते हैं, या दूसरों में संक्रमण फैलाने के जोखिम

को बढ़ा सकते हैं। अगर आप कार्यस्थल में वालंटियर कर रहे हैं, तो उसे कोरोनावायरस सुरक्षा मानदंडों को पूरा करना होगा ।

वालंटियर करने के तरीकों के बारे में अधिक जानें।

## शादियाँ, सिविल पार्टनरशिप और अंत्येष्टि क्रियाएं

2 दिसंबर से, शादियों, सिविल पार्टनरशिप और अंत्येष्टि क्रिया के नियम आपके टियर पर निर्भर करेंगे। आपके टियर पर लागू होने वाले नियमों को देखें ।

25 दिसंबर पर, शादियों, सिविल पार्टनर्शिप और अंत्येष्टि क्रिया पर लागू होने वाले नियम नहीं बदलेंगे।